## भारतीय काव्यशास्त्र ---- वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**डॉ.सुरेश पटेल**

**हिन्दी विभागाध्यक्ष**

1.भरतमुनि ने किस ग्रंथ में रस का विस्तृत विवेचन किया है?

(A) नाट्य दर्पण

(B) साहित्य दर्पण

**(C) नाट्यशास्त्र**

(D) काव्यालंकार सार संग्रह

2.भरतमुनि के रससूत्र के प्रथम व्याख्याकार है --

**(A) भट्ट लोल्लट**

(B) शंकुक

(C) भट्ट नायक

(D) अभिनवगुप्त

3.भरतमुनि का रसनिष्पति सूत्र है --

(A) रसस्यते आस्वाधते इति रसः

**(B) विभावानुभाव व्यभिचारि संयोगाद्रस निष्पत्तिः**

(C) रसतामेति रत्यादिः स्थायी भावः रचेतसाम्

(D) इनमें से कोई नहीं

4.भरतमुनि ने रसों की संख्या कितनी बताई हैं?

**(A) आठ**

(B) नौ

(C) दस

(D) ग्यारह

5.भरतमुनि के रससूत्र में किन दो शब्दों को लेकर रस-निष्पत्ति के विभिन्न मत बने?

(A) विभाव-स्थायीभाव

(B) विभाव-अनुभाव

**(C) संयोग-निष्पत्ति**

(D) रस-निष्पत्ति

6.निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?

**(A) अभिनव गुप्त - युक्तिवाद**

(B) भट्ट लोल्लट - उत्पत्तिवाद

(C) शंकुक - अनुमितिवाद

(D) भट्ट नायक - भुक्तिवाद

7.आचार्य भरतमुनि का समय है --

(A) दूसरी शताब्दी

(B) तीसरी शताब्दी

**(C) चौथी शताब्दी**

(D) पाँचवी शताब्दी

8.रस को 'ब्रह्मानन्द सहोदर' किसने माना है?

(A) भामह

(B) भरतमुनि

(C) रामचन्द्र शुक्ल

**(D) अभिनव गुप्त**

9. रस का बीज रूप कौन-सा है?

(A) विभाव

(B) अनुभाव

**(C) स्थायीभाव**

(D) उपर्युक्त सभी

10.स्थायी भाव और रस में कौन विषम है?

**(A) विस्मय - भयानक**

(B) उत्साह - वीर

(C) जुगुत्सा - बीभत्स

(D) शोक - करुण

11.वाक्यं रसात्मकं काव्यम् किस आचार्य की उक्ति है?

(A) अभिनव गुप्त

**(B) विश्वनाथ**

(C) भट्ट लोल्लट

(D) भट्ट नायक

12.रति,हास,शोक,क्रोध,भय आदि भावों की गिनती इनमें से किस भाव के अंतर्गत आती है?

(A)संचारी भाव

(B) अनुभाव

(C) विभाव

**(D) स्थायीभाव**

13.इनमें से कौन 'रस संप्रदाय' का व्याख्याकार नहीं है?

(A) शंकुक

(B) अभिनवगुप्त

**(C) क्षेमेन्द्र**

(D) भट्टनायक

14.रस सूत्र के प्रणेता है --

**(A) भरतमुनि**

(B) मम्मट

(C) अभिनवगुप्त

(D) भामह

15.इनमें से कौन रसवादी आचार्य है?OR सर्व प्रथम रस को किस आचार्य ने परिभाषित किया?

(A) वामन

(B) कुन्तक

(C) आनन्दवर्धन

**(D) भरतमुनि**

16.इनमें रस निष्पत्ति का व्याख्याता आचार्य कौन नहीं है?

(A) भट्ट नायक

**(B) महिम भट्ट**

(C) आचार्य शंकुक

(D)भट्ट लोल्लट

17.रस सूत्र में निष्पत्ति की व्याख्या भुक्ति के रूप में किसने की?

**(A) भट्ट नायक**

(B) शंकुक

(C) भट्ट लोल्लट

(D) अभिनवगुप्त

18.'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह कथन किस आयार्य का है?

(A) दण्डी

(B) मम्मट

**(C) आचार्य विश्वनाथ**

(D) पण्डितराज जगन्नाथ

19.नाट्यशास्त्र को क्या संज्ञा दी गई है?

(A) शब्द कोश

(B) नाट्य कोश

(C) साहित्य कोश

**(D) पंचम वेद**

20.रस का अर्थ क्या है?

(A) स्वाद

(B) आस्वाद

**(C) काव्यानन्द**

(D) इनमें से कोई नहीं

21.रस रूप में क्या परिणित होता है?

(A) विभाव

(B) अनुभाव

**(C) स्थायीभाव**

(D) संचारीभाव

22.रस निष्पत्ति के सम्बन्ध में साधारणीकरण की स्थापना सर्व प्रथम किस आचार्य ने की?

**(A) भट्ट नायक**

(B) डॉ.नामवरसिंह

(C) अभिनवगुप्त

(D) रामचन्द्र शुक्ल

23.स्थायीभावों की संख्या कितनी है?

**(A) 09**

(B) 10

(C) 11

(D) 12

24.'चित्रतुरंग न्याय' का उल्लेख किस आचार्य ने किया है?

(A) भरतमुनि

(B) भट्ट लोल्लट

**(C) आचार्य शंकुक**

(D) भट्ट नायक

25.'रस विमर्श' नामक हिन्दी काव्य शास्त्रीय ग्रंथ के रचयिता है --

(A) सत्यदेव चौधरी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रमेशचन्द्र त्रिपाठी

**(D) राममूर्ति त्रिपाठी**

26.रस राज नामक रीतिकालीन लक्षण ग्रंथ किसने लिखा है?

(A) चिंतामणि त्रिपाठी ने

(B) ग्वाल कवि ने

**(C) मतिराम ने**

(D) जसवंत सिंह ने

27.आचार्य रामचन्द्र शुक्ल किस प्रकार के समीक्षक है?

(A) अलंकारवादी

**(B) रसवादी**

(C) सौष्ठववादी

(D) ये सभी

28.रस कलश किस हिन्दी कवि का लिखा काव्य शास्त्रीय ग्रंथ है?

**(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध**

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) धूमिल

(D) अशोक वाजपेयी

29.रस निष्पत्ति में निष्पत्ति का अर्थ अभिव्यक्ति किस आयार्य ने माना है?

(A) भट्ट लोल्लट

(B) शंकुक

**(C) अभिनव गुप्त**

(D) भट्ट नायक

30.काव्य के आनन्द में डूबा चित्त किस स्थिति में पहुँचकर रस मग्न हो जाता है?

(A) मधुमती भूमिका में

(B) वितर्क दशा में

(C) तर्क दशा में

**(D) साधारणीकरण की स्थिति में**

31.रस निष्पत्ति में निष्पत्ति का अर्थ उत्पत्ति किस आयार्य ने माना है?

(A) शंकुक

**(B) लोल्लट**

(C) भट्ट नायक

(D) अभिनव गुप्त

32.भारतीय काव्यशास्त्रीय परंपरा का सूत्रपात ईसा की द्वितीय शताब्दी में किस ग्रंथ में हुआ?

(A) काव्यप्रकाश

(B) काव्यमीमांसा

**(C) नाट्यशास्त्र**

(D) साहित्यदर्पण

33.काव्यशास्त्र के प्रथम आचार्य कौन माने जाते हैं?

(A) वामन

**(B) भरतमुनि**

(C) भामह

(D) कुंतक

34.आचार्य विश्वनाथ का संबंध किस संप्रदाय से है?

(A) अलंकार

**(B) रस**

(C) ध्वनि

(D) रीति

35.अनुमितिवाद नाम से रस निष्पत्ति की व्याख्या किस आचार्य ने की?

(A) भरतमुनि

(B) लोल्लट

**(C) शंकुक**

(D) भट्ट नायक

36.साधारणीकरण सिद्धांत का प्रवर्तन और उद्बोधन किस आचार्य ने किया?

**(A) भट्ट नायक**

(B)अभिनवगुप्त

(C) भरतमुनि

(D) भामह

37.आचार्य भरत के अनुसार रसों की संख्या कितनी है?

(A) छः

**(B) आठ**

(C) नौ

(D) बारह

38.जनश्रुति के आधार पर किस आचार्य को रस के प्रवर्तक होने का श्रेय जाता है?

(A) भट्ट नायक

**(B) नंदिकेश्वर**

(C) महिम भट्ट

(D) भोजराज

39.चित्र-तुरंग-न्याय पर किस संस्कृत आचार्य का सिद्धांत आधारित है?

(A) भरतमुनि

(B) भामह

**(C) शंकुक**

(D) भट्ट नायक

40.साहित्यदर्पण ग्रंथ के रचयिचा है --

(A) हेमचन्द्राचार्य

(B) वामन

**(C) विश्वनाथ**

(D) धनंजय

41.सर्व प्रथम नायक-नायिका का विवेचन किस ग्रंथ में मिलता है?

(A) साहित्यदर्पण

**(B) अग्निपुराण**

(C) काव्यमीमांसा

(D) रसगंगाधर

42.सहृदय के अंतःकरण में जो मनोविकार वासना रूप में सदा विधमान रहता है तथा उसे किसी भी परिस्थिति में दबाया नहीं जा सकता उस भाव को क्या कहते है?

(A) विभाव

(B) अनुभाव

**(C) स्थायीभाव**

(D) संचारीभाव

43.भाव-संधि,भाव-सबलता,तथा भाव-शांति किस भाव की मुख्य स्थितियाँ हैं?

**(A)संचारीभाव**

(B)स्थायीभाव

(C) अनुभाव

(D) विभाव

44.सात्विक अनुभाव कितने प्रकार है?

(A) चार

(B) छह

**(C) आठ**

(D) दस

45.व्यभिचारी/संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है?

(A) तेरह

(B) तेईस

**(C) तैंतीस**

(D) तैंतालीस

46.निम्न में से कौन सा सिद्धांत आत्मवादी है?

**(A) रस**

(B) अलंकार

(C) औचित्य

(D) रीति

47.सहृदय चेतना को साधारीकरण मानने वाले समीक्षक कौन है?

(A) नामवरसिंह

(B) विश्वनाथप्रसाद तिवारी

(C) रामचन्द्र शुक्ल

**(D) केशवप्रसाद मिश्र**

48.इनमें से कौन-सा ग्रंथ आयार्च विश्वनाथ का है?

(A) काव्यप्रकाश

**(B) साहित्यदर्पण**

(C) काव्यनिर्णय

(D)साहित्यशास्त्र

49.आलंबन को साधारणीकरण मानने वाले आचार्य है --

(A) गुलाबराय

(B) भगीरथ मिश्र

**(C) रामचन्द्र शुक्ल**

(D) राजवंश सहाय

50.अभिनवभारती के रचनाकार है --

**(A) अभिनवगुप्त**

(B) भरतमुनि

(C) भामह

(D) शंकुक

51.नाट्यशास्त्र ग्रंथ की टीका निम्न में से किस ग्रंथ में है?

(A) भारत भारती

**(B) अभिनवभारती**

(C) साहित्य दर्पण

(D) काव्यादर्श

52.किसने कहा साधारणीकरण विभावादि का होता है?

(A) गुलाबराय

(B) अभिनवगुप्त

(C) भामह

**(D) भट्ट नायक**

53.सांख्यदर्शन के आधार पर रसनिष्पत्ति की व्याख्या किस आचार्य ने की है?

(A) भट्ट लोल्लट

**(B) भट्ट नायक**

(C) शंकुक

(D) अभिनवगुप्त

54.शृंगार रस का स्थायी भाव है --

(A) उत्साह

**(B) रति**

(C) क्रोध

(D) भय

55.वीर रस का स्थायी भाव है --

(A) विस्मय

**(B) उत्साह**

(C) निर्वेद

(D) विस्मय

56.करुण रस का स्थायी भाव है --

(A) हास

(B) भय

(C) रति

**(D) शोक**

57.हास्यरस का स्थायी भाव है --

(A) जुगुत्सा

(B) विस्मय

**(C) हास**

(D) शोक

58.शांत रस का स्थायी भाव है --

(A) भय

**(B)निर्वेद**

(C) शोक

(D) रति

59.रौद्र रस का स्थायी भाव है --

**(A) क्रोध**

(B) भय

(C) हास

(D) निर्वेद

60.भयानक रस का स्थायी भाव है --

(A) रति

(B) हास

(C) जुगुत्सा

**(D) भय**

61.बीभत्स रस का स्थायी भाव है --

(A) रति

(B) निर्वेद

**(C) जुगुत्सा**

(D) विस्मय

62.अद्भुत रस का स्थायी भाव है --

**(A) विस्मय**

(B) हास

(C) रति

(D) भय

63.प्रेयान नामक नवीन रस की उद्भावना किस आचार्य ने की?

(A) उद्भट्ट

(B) भट्टतौत

**(C) रुद्रट**

(D) राजशेखर

64.सुमेलित कीजिए --

(A) रौद्र रस --1. हास

(B) भयानक रस --2. विस्मय(आश्चर्य)

(C) अद्भुत --3. क्रोध

(D) हास्य रस --4. भय

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A. | 1 | 2 | 3 | 4 |
| B. | 3 | 1 | 2 | 4 |
| **C.** | **3** | **4** | **2** | **1** |
| D. | 4 | 3 | 2 | 1 |

65.स्थायीभाव किसके संयोग से रस-निष्पत्ति का कारण बनता है?

(A) विभाव

(B) अनुभाव

(C) संचारीभाव

(D) उपर्युक्त सभी

66.काव्यालंकार किस आचार्य का प्रसिद्ध ग्रंथ है?

(A) अभिनवगुप्त

(B) दण्डी

**(C) भामह**

(D) कुन्तक

67.संस्कृत साहित्य में रस सिद्धांत के अंतिम आचार्य कौन माने गये हैं?

(A) भामह

**(B) पंडितराज जगन्नाथ**

(C) हेमचन्द्रचार्य

(D) वामन

68.संचारीभाव का दूसरा नाम है --

(A) अनुभाव

(B) विभाव

(C) स्थायीभाव

**(D) व्यभिचारी भाव**

69.नाट्यशास्त्र में धीर-ललित,धीरोदात्त,धीर-प्रशांत आदि किसके प्रकार माने गये हैं?

**(A) नायक**

(B) खल नायक

(C) नाटककार

(D) रचना

70.अभिनव भारती रचना के रचनाकार है --

(A) भरतमुनि

(B) अभिनवगुप्त

(C) आनन्दवर्धन

**(D) भट्टनायक**

71.स्थायीभाव की उपचित अवस्था को रस किस आचार्य ने माना है?

(A) शंकुक

**(B) भट्ट लोल्लट**

(C) भट्ट नायक

(D) रामचन्द्र शुक्ल

72.शंकुक का अनुमितिवाद किस दर्शन पर आधारित है?

(A) शैव दर्शन

(B) सांख्य दर्शन

(C) मीमांसा दर्शन

**(D) न्याय दर्शन**

73.आचार्य अभिनवगुप्त के रस संबंधी मत को कहा गया है --

(A) भुक्तिवाद

**(B) अभिव्यक्तिवाद**

(C) अनुमितिवाद

(D) उत्पत्तिवाद

74.किसने कहा है-"जब तक किसी भाव का कोई विषय इस रूप में नहीं लाया जाता कि वह सामान्यतः उसी भाव का आलंबन हो सके जब तक उसमें रसादि बोधन की शक्ति पूर्णतया नहीं आ सकती।"

(A) नगेन्द्र

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**(C) रामचन्द्र शुक्ल**

(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

75.अभिनव गुप्त का अभिव्यक्तिवाद किस दर्शन पर आधारित है?

(A) न्याय दर्शन

**(B) शैव दर्शन**

(C) मीमांसा दर्शन

(D) सांख्य दर्शन

76.शंकुक के अनुसार भरतमुनि के रस सूत्र में आए संयोग शब्द का अर्थ क्या है?

(A) विरेचन

(B) मान

**(C) अनुमान**

(D) ये सभी

77.रस सूत्र के प्रणेता माने जाते हैं--

(A) आनन्दवर्धन

(B) विश्वनाथ

(C) मम्मट

**(D) भरतमुनि**

78.भट्ट लोल्लट के स्थायीभाव की उपचितावस्था का खंडन/विरोध संस्कृत के किस आचार्य ने किया?

(A) भट्टतौत

(B) भट्ट नायक

**(C) शंकुक**

(D) महिम भट्ट

79.रस निष्पत्ति के सिद्धांत को आरोपवाद किस आचार्य ने कहा?

(A) भट्ट नायक

(B) अभिनवगुप्त

**(C) भट्ट लोल्लट**

(D) शंकुक

80.भावकत्व और भोजकत्व का संबंध रसनिष्पत्ति के किस वाद से है?

(A) कलावाद

**(B) भोगवाद**

(C) अभिव्यक्तिवाद

(D) उत्पत्तिवाद

81.वाक्यं रसात्मकं काव्यम् यह लक्षण किस आचार्य ने दिया?

(A) दण्डी

**(B) विश्वनाथ**

(C) कुन्तक

(D) आनन्दवर्धन

82.अभिनव गुप्त के रस सिद्धांत में भट्ट नायक का भोजकत्व व्यापार किस नाम से जाना जाता है?

(A) कलाभिव्यक्ति

(B) वास्तुभिव्यत्ति

**(C) रसाभिव्यक्ति**

(D) भावाभिव्यक्ति

83.साधारणीकरण का उल्लेख सबसे पहले किस आचार्य ने किया ?

**(A) आ.भट्ट नायक**

(B) आ.विश्वनाथ

(C) आ.भरतमुनि

(D) आ.क्षेमेन्द्र

84.रस को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है?

(A) मम्मट

(B) आनन्दवर्धन

**(C) अभिनवगुप्त**

(D) भामह

85.मधुमती भूमिका का उल्लेख किस समीक्षक ने साधारणीकरण की व्याख्या के संदर्भ में किया हैं?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

**(B) श्यामनन्दर दास**

(C) महावीरसिंह चौहाण

(D) सनतकुमार व्यास

86. जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रस दशा रहलाती है किस आचार्य ने कहा है?

(A) नगेन्द्र

(B) परमानन्द श्रीवास्तव

(C) विजय देवनारायण शाही

**(D) रामचन्द्र शुक्ल**

87.उत्तम कोटि की रसानुभूति में सामाजिक का तादात्म्य किसके साथ होता है?

(A) अलंकार के साथ

(B) कवि की कल्पना के साथ

(C) अनुकार्य के साथ

**(D) आश्रय के साथ**

88.वीर रस प्रधान रचना में कौन सा गुण होता है?

(A) माधुर्य

**(B) ओज**

(C) प्रसाद

(D) इनमें से कोई नहीं

89.अनुमितिवाद का संबंध किस आचार्य से है?

(A) भरतमुनि से

**(B) शंकुक से**

(C) अभिनवगुप्त से

(D) उपर्युक्त सभी

90. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (a) भट्ट नायक | 1. भुक्तिवाद |
| (b) भट्ट लोल्लट | 2. अनुमितिवाद |
| (c) आचार्य शंकुक | 3. अभिव्यक्तिवाद |
| (d) आचार्य अभिनवगुप्त | 4. उत्पत्तिवाद |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| **(D)** | **1** | **4** | **2** | **3** |

91. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (a) करुण | 1. निर्वेद |
| (b) शृंगार | 2. उत्साह |
| (c) वीर | 3. शोक |
| (d) शांत | 4. रति |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| **(D)** | **3** | **4** | **2** | **1** |

92. इनमें से रसनिष्पत्ति की व्याख्या किस आचार्च ने नहीं की?

(A) आचार्य शंकुक

(B) भट्ट नायक

**(C) आचार्य वामन**

(D) भट्ट लोल्लट

93.साधारणीकरण का संबंध किसके साथ है?

(A) रस के प्रकार से

(B) ध्वनि से

**(C) रस निष्पत्ति से**

(D) छंद से

94.किस कवि ने करुण रस को रसराज कहा है?

(A) भरत

(B) भोजराज

**(C) भवभूति**

(D) भट्ट नायक

95.किस आचार्य ने कहा साधारणीकरण आलम्बन धर्म का होता है?

(A) रामचन्द्र तिवारी

(B) रामरतन भटनागर

**(C) रामचन्द्र शुक्ल**

(D) राजशेखर

96. संप्रदाय के प्रवर्तक कौन माने गये हैं?

(A) वामन

**(B) भामह**

(C) भरतमुनि

(D) दंडी

97.अलंकार सर्वस्व रचना के रचनाकार है --

**(A) रूय्यक**

(B) विश्वनाथ

(C) वामन

(D) इनमें से कोई नहीं

98.निम्न में से कौन सा ग्रंथ आचार्य दण्डी का नहीं है?

**(A) ध्वन्यालोक**

(B) दशकुमार चरित

(C) काव्यादर्श

(D) अवन्ति सुन्दरी

99.आचार्य रुद्रट ने किस रीति का आविष्कार किया है?

(A) गौडी

(B) पांचाली

(C) वैदर्भी

**(D) लाटी**

100.काव्य की आत्मा अलंकार है ऐसा किस आचार्य ने माना है?

(A) भरतमुनि

**(B) भामह**

(C) विश्वनाथ

(D) उद्भट

101.काव्यालंकार सार संग्रह किस आचार्य की रचना है?

(A) लोल्लट

**(B) उद्भट**

(C) अभिनवगुप्त

(D) केशवदास

102.शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् किस आचार्य का काव्य लक्षण है?

(A) मम्मट

(B) आनन्दवर्धन

**(C) भामह**

(D) उद्भट

103.दशकुमारचरित किस आचार्य की रचना है?

(A) क्षेमेन्द्र

(B) वामन

(C) विश्वनाथ

**(D) दंडी**

104. शरीरंतावादिष्टार्थ व्यवच्छिना पदावली काव्य की यह परिभाषा किस आचार्य ने दी?

(A) आ.भामह

(B) आ.भरतमुनि

**(C) आ.दण्डी**

(D) इनमें से कोई नहीं

105.काव्यशास्त्रीय परंपरा में कौन सा संप्रदाय सबसे प्राचीन है?

(A) ध्वनि

(B) अलंकार

(C) वक्रोक्ति

**(D) रस**

106.शरीरं तावद् इष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली किस आचार्य का काव्य लक्षण है?

(A) क्षेमेन्द्र

(B) वामन

**(C) दंडी**

(D) उद्भट

107.इनमें से कौन रस संप्रदाय/रस निष्पत्ति के व्याख्याकार नहीं है?

(A) शंकुक

**(B) वामन**

(C) अभिनवगुप्त

(D) भट्टनायक

108.निम्न मे से किस आचार्य का संबंध अलंकार संप्रदाय से है?

(A) विश्वनाथ

(B) वामन

**(C) भामह**

(D) इनमें से कोई नहीं

109.काव्यादर्श रचना के रचनाकार है --

(A) विश्वनाथ

**(B) दण्डी**

(C) वामन

(D) कुन्तक

110.काव्यालंकार नाम से किन दो आचार्यों ने अपनी रचना लिखी है?

(A) भरतमुनि - भामह

(B) विश्ननाथ - रुद्रट

(C) वामन - आनन्दवर्धन

**(D) भामह - रुद्रट**

111.दण्डी किस प्रकार के आचार्य माने जाते हैं?

(A) रसवादी

**(B) अलंकारवादी**

(C) रीतिवादी

(D) औचित्यवादी

112. दण्डी किस सम्प्रदाय के आचार्य है?

(A) वक्रोक्ति

(B) रीति

**(C) अलंकार**

(D) ध्वनि

113. रसगंगाधर किसकी रचना है?

(A) भामह

**(B) जगन्नाथ**

(C) विश्वनाथ

(D) भरतमुनि

114.आ.जयदेव किस सम्प्रदाय के आचार्य माने जाते हैं?

(A) रीति

**(B) अलंकार**

(C) ध्वनि

(D) रस

115.ध्वनि संप्रदाय के प्रवर्तक है --

**(A) आनन्दवर्धन**

(B) मम्मट

(C) उद्भट

(D) जगन्नाथ

116.रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम् यह काव्य लक्षण किस आचार्य का है?

**(A) जगन्नाथ**

(B) भरत

(C) मम्मट

(D) विश्वनाथ

117.ध्वन्यालोक की रचना किस आचार्य की है?

(A) वामन

(B) मम्मट

(C) कुंतक

**(D) आनन्दवर्धन**

118.आनन्दवर्धन ने इनमें से किसे काव्यात्मा स्वीकार किया है?

(A) अलंकार

**(B) ध्वनि**

(C) वक्रोक्ति

(D) रस

119.काव्यप्रकाश ग्रंथ के रचनाकार है --

(A) विश्वनाथ

(B) रुद्रट

(C) दण्डी

**(D) मम्मट**

120.काव्यस्य आत्मा ध्वनिरीति लक्षण किस आचार्य का है?

**(A) आनन्दवर्धन**

(B) जयदेव

(C) भामह

(D) विश्वनाथ

121.किसने कहा रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्?

(A) वामन

**(B) जगन्नाथ**

(C) भामह

(D) ये सभी

122.रसगंगाधर ग्रंथ की रचना किस आचार्य ने की है?

(A) विश्वनाथ

(B) वामन

**(C) जगन्नाथ**

(D) क्षेमेन्द्र

123.तद्दोषो शब्दार्थौ सगुणवनलंकृति पुनः क्वापि किस ककवि का काव्य लक्षण है? –चेक करना

**(A) मम्मट**

(B) रुद्रट

(C) आनन्दवर्धन

(D) कुन्तक

124.शब्दार्थ शरीरं तावत्काव्यम्  किस आचार्य ने कहा है?

(A) भरतमुनि

(B) भामह

**(C) आनन्दवर्धन**

(D) इनमें से कोई नहीं

125.कवि जगन्नाथ को पंडितराज की उपाधि किस राजा ने दी थी?

(A) औरंगजाब

**(B) शाहजहाँ**

(C) अकबर

(D) हूँमायु

126.आनन्दवर्धन काव्य के कितने भेद मानते हैं?

(A) दो

**(B) तीन**

(C) चार

(D) पाँच

127.तद्दोषौ शब्दार्थो सगुणावनलंकृति पुनः क्वापि काप्य की परिभाषा किस आचार्य की है?

(A) दण्डी

(B) रुद्रट

**(C) मम्मट**

(D) भामह

128. किस आचार्य ने कहा- रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्द काव्यम् ?

**(A) पंडितराज जगन्नाथ**

(B) अभिनवगुप्त

(C) आनन्दवर्धन

(D) भामह

129. ध्वन्यालोक रचना के रचयिता है--

(A) दण्डी

**(B) आनन्दवर्धन**

(C) भरतमुनि

(D) इनमें से कोई नहीं

130.भारतीय काव्यशास्त्र में ध्वनि सिद्धांत के अंतर्गत ध्वनि शब्द का प्रयोग क्या सूचित करता है?

(A) संगीत

(B) आवाज

(C) नाद

**(D) व्यंग**

131.ध्वनि शब्द किस पर आधारित है?

(A) अभिधा

(B) लक्षणा

**(C) व्यंजना**

(D) हेतु

132.ध्वन्यालोक की टीका ध्वन्यालोकलोचन किसने लिखी है?

(A) भट्टनायक

**(B) अभिनवगुप्त**

(C) भट्टतौत

(D) महिम भट्ट

133.ध्वन्यालोकलोचन ग्रंथ के रचयिता है--

(A) शंकुक

(B) वामन

**(C) अभिनवगुप्त**

(D) धनंजय

134. काव्य की सत्ता शब्द में मानने वाले आचार्य है --

(A) मम्मट

(B) भामह

**(C) जगन्नाथ**

(D) विश्वनाथ

135.रीति को काव्य की आत्मा मानने वाले आचार्य का नाम है --

(A) भामह

(B) भरत

(C) वामन

(D) इनमें से कोई नहीं

136.काव्यालंकार सूत्रवृत्ति ग्रंथ के रचयिता कौन है ?

(A) विश्वनाथ

**(B) वामन**

(C) भट्टनायक

(D) अभिनवगुप्त

137.कौन सी रीति दीर्घ समास युक्त और आडंबर प्रधान होती है?

(A) अभिधा

(B) पांचाली

(C) वैदर्भी

**(D) गौडी**

138.वैदर्भी, गौडी,पांचाली रीतियों की चर्चा करने वाले आचार्य है --

(A) आनन्दवर्धन

(B) विश्वनाथ

(C) मम्मट

**(D) वामन**

139.किस आचार्य का काव्य लक्षण है रीतिरात्मा काव्यस्य?

**(A) वामन**

(B) विश्वनाथ

(C) राजशेखर

(D) अभिनवगुप्त

140.रीति संप्रदाय के प्रवर्तक कौन है?

(A) भामह

(B) भरतमुनि

**(C) वामन**

(D) विश्वनाथ

141.रीति को संघटना का नाम किसने दिया?

(A) राजशेखर

(B) भट्ट नायक

(C) धनंजय

**(D) आनन्दवर्धन**

142.काव्यशास्त्र में आत्मा शब्द का सर्व प्रथम प्रयोग किस आचार्य ने किया?

**(A) वामन**

(B) कुंतक

(C) अभिनवगुप्त

(D) इनमें से कौई नहीं

143. किस आचार्य ने कहा विशिष्टपदरचना रीति?

(A) महिम भट्ट

(B) भरतनुनि

**(C) वामन**

(D) धनंजय

144.रीतिरात्मा काव्यस्य किस आचार्य का काव्य लक्षण है?

(A) भामह

(B) भरतमुनि

**(C) वामन**

(D) क्षेमेन्द्र

145. आ.मम्मट ने पांचाली रीति को क्या कहा है?

(A) सुकुमार वृत्ति

**(B) उपनागरिका वृत्ति**

(C) कोमल वर्ण वृत्ति

(D) ये सभी

146.किस आचार्य को रीति सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना गया है?

(A) रुद्रट को

(B) कुन्तक को

**(C) वामन को**

(D) अभिनव गुप्त को

147.रीति को वृत्ति किस आचार्य ने कहा?

(A) अभिनवगुप्त ने

**(B) मम्मट ने**

(C) भामह ने

(D) रुद्रट ने

148.रीति का विवेचन सूरदास के किस ग्रंथ में मिलता है?

**(A) साहित्य लहरी**

(B) सूरसागर

(C) भ्रमरगीत

(D) इनमें से कोई नहीं

149.रीति को पद संघटना निम्न में से किस आचार्य ने कहा?

(A) कुन्तक ने

(B) राजशेखर ने

**(C) आनन्दवर्धन ने**

(D) भट्ट नायक ने

150.किस आचार्य ने कहा विशिष्ट पदरचना रीति?

(A) विश्वनाथ

(B) कुन्तक

(C) भामह

**(D) वामन**

151.आचार्य कुन्तक ने रीति को क्या नाम दिया है?

(A) शैली

**(B) मार्ग**

(C) पद संघटना

(D) वृत्ति

152.वक्रोक्ति को काव्य का जीवन मानने वाले आचार्य है --

(A) रुद्रट

**(B) कुंतक**

(C) वामन

(D) क्षेमेन्द्र

153.वक्रोक्तिजीवितम् रचना के रचनाकार है --

(A) अभिनवगुप्त

(B) महिम भट्ट

(C) भोजराज

**(D) कुंतक**

154. पाश्चात्य विद्वान क्रोचे के अभिव्यंजनावाद की तुलना भारतीय काव्यशास्त्र के किस सिद्धांत से की गयी है?

(A) ध्वनि

(B) रस

**(C) वक्रोक्ति**

(D) अलंकार

156.कुंतक किस संप्रदाय के आचार्य माने जाते हैं?

**(A) वक्रोक्ति**

(B) रस

(C) ध्वनि

(D) औचित्य

157.किस आचार्य ने कहा सेषा सर्वत्र वक्रोक्ति?

(A) अभिनव गुप्त ने

**(B) कुन्तक ने**

(C) जयदेव ने

(D) धनंजय ने

158.आचार्य क्षेमेन्द्र ने किस सिद्धांत का प्रवर्तन किया?

(A) रस

(B) रीति

**(C) औचित्य**

(D) वक्रोक्ति

159.औचित्य संप्रदाय के प्रवर्तक कौन माने गये है?

**(A) क्षेमेन्द्र**

(B) जगन्नाथ

(C) भरतमुनि

(D) भामह

160.औचित्य विचार चर्चा किसकी रचना है?

(A) मुकुल भट्ट

(B) धनंजय

**(C) क्षेमेन्द्र**

(D) भट्ट नायक

161. किस आचार्य का यह प्रमुख प्रयोजन है काव्यं यशसेअर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये सधः परनिवृत्तये,कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।

(A) भरतमुनि

**(B) मम्मट**

(C) भामह

(D) अभिनवगुप्त

162.कीरति भणिति भूति भलि सोई।सुरसरि सम सब कहँ हित होई।। काव्य प्रयोजन के संदर्भ नें यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) मतिराम

(B) रैदास

(C) कबीरदास

**(D) तुलसीदास**

163.गोस्वामी तुलसीदास का प्रमुख काव्य प्रयोजन कौन सा है?

**(A) लोक मंगल**

(B) धन पाप्ति

(C) शिवेतरक्षतये

(D) उपर्युक्त सभी

164.आचार्य मम्मट ने कितने काव्य प्रयोजन माने हैं?

(A) पाँच

**(B) छह**

(C) सात

(D) आठ

165.स्वान्तः सुखाय को किसने काव्य प्रयोजन माना है?

(A) सूरदास

(B) जायसी

**(C) तुलसी**

(D) कबीर

166.प्रयोजन निम्न में से कौन सा है?

(A) यश की प्राप्ति

(B) शिवेतरक्षतये

**(C) सधःपरिनिवृत्तये**

(D) धन की प्राप्ति

167.काव्य का प्रमुख प्रयोजन अवतरण की दृष्टि से कौन सा है?

(A) अर्थ प्राप्ति

(B) यश प्राप्ति

**(C) आनंदोपलब्धि**

(D) उपदेश प्राप्ति

168.सकल मौलिभूत प्रयोजन क्या है?

(A) यश की प्राप्ति

(B) शिवेतरक्षतये

**(C) रसानुभूतु से प्राप्त आनन्द**

(D) धन की प्राप्ति

169.ब्रह्मानन्द सहोदर किसे कहा गया है?

(A) यश प्राप्ति को

(B) कान्तासम्मित उपदेशको

(C) वासना को

**(D) काव्यानन्द को**

170.इनमें से कौन सा प्रयोजन कवि और पाठक दोनों से सम्बन्धित है?

(A) अर्थ प्राप्ति

(B) कान्तासम्मित उपदेश

**(C) रसानुभूति**

(D) उपर्युक्त सभी

171.काव्य गुण के मुख्य कितने प्रकार है?

(A) दो

**(B) तीन**

(C) चार

(D) पाँच

172.निम्न में से कौन काव्य गुण नहीं है?

**(A) लक्षणा**

(B) प्रसाद

(C) ओज

(D) माधुर्य

173.काव्यप्रकाश गंथ मे आचार्य मम्मट ने कौन सा काव्य गुण नहीं गिनाया है?

(A) माधुर्य

(B) प्रसाद

(C) ओज

**(D) औचित्य**

174.सर्व प्रथम संस्कृत के किस आचार्य ने काव्य दोषों की चर्चा की?

**(A) भरतमुनि**

(B) भामह

(C) अभिनवगुप्त

(D) आनन्दवर्धन

175.काव्य दोषों की संख्या आचार्य भरत ने कितनी मानी है?

(A) नौ

**(B) दस**

(C) ग्यारह

(D) बारह

176.भारतीय काव्यशास्त्र में मुख्य कितने काव्य हेतु माने गये है?

(A) एक

(B) दो

**(C) तीन**

(D) चार

177.भावयित्री प्रतिभा का संबंध निम्न में से किसके साथ है?

(A) कवि

(B) कृति

**(C) सहृदय**

(D) अभिनेता

178.किस आचार्य ने कारयित्री और भावयित्री प्रतिभा के दो भेद माने है?

**(A) राजशेखर**

(B) दंडी

(C) भट्ट नायक

(D) आनन्दवर्धन

179.भारतीय काव्यशास्त्र में प्रतिभा के कितने प्रकार/ भेद माने गये हैं?

**(A) दो**

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

180.किस संसकृत कवि की उक्ति है प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता।

(A) भट्ट नायक

**(B) भट्टतौत**

(C) भोजराज

(D) भामह

181.प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता यह उक्ति किस आचार्य ने दी है?

(A) रुद्रट

(B) विश्वनाथ

**(C) भट्टतौत**

(D) वामन

182.इनमें से कौन सा तत्व काव्य हेतु नहीं है?

(A) अभ्यास

(B) प्रतिभा

**(C) छंद**

(D) व्युपत्ति

183.आचार्य दण्डी ने मूल काव्य हेतु किसे माना है?

(A) अभ्यास

**(B) प्रतिभा**

(C) व्युपत्ति

(D) ये सभी

184.किस आचार्य ने प्रतिभा को शक्ति कहा?

(A) भामह ने

**(B) मम्मट ने**

(C) राजशेखर ने

(D) वामन ने

185. वह कौन सा काव्य हेतु है जिसके अभाव में काव्य रचना संभव ही नहीं है?

**(A) प्रतिभा**

(B) व्युपत्ति

(C) अभ्यास

(D) प्रेरणा

186.व्युपत्ति काव्य हेतु का अर्थ निम्न में से कौन सा है?

(A) पाण्डित्य

(B) निपुणता

(C) शास्त्रज्ञान

**(D) उपर्युक्त सभी**

187.शब्दशक्ति के मुख्य कितने भेद है --

(A) दो

**(B) तीन**

(C) चार

(D) इनमें से कोई नहीं

188.अभिधा, लक्षणा, व्यंजना क्या है?

(A) काव्य गुण

(B) काव्य हेतु

**(C) शब्द शक्ति**

(D) अलंकार

189.प्रतीयमान अर्थ की सत्ता किस पर आधारित है?

(A) लक्ष्यार्थ पर

(B) वाच्यार्थ पर

**(C) व्यंग्यार्थ पर**

(D) ये सभी

190.रूढा और प्रयोजनवती किस शब्दशक्ति के मुख्य भेद है?

(A) अभिधा

**(B) लक्षणा**

(C) व्यंजना

(D) ये सभी

191.अभिधा उत्तम काव्य है,मध्य लक्षणा लीन। अधम व्यंजना रस विरस,उलटी कहत नवीन।।
किस कवि का कथन है?

(A) ठाकुर

(B) कुंभनदास

**(C) देव**

(D) सेनापति

192.शब्दशक्ति का व्यापार किस आचार्य ने माना है?

(A) भामह

(B) राजशेखर

(C) वामन

**(D) मम्मट**

193.शब्द का सीधा सामान्य अर्थ होता है --

(A) मुख्यार्थ

(B) व्याचार्थ

**(C) उपर्युक्त दोनों**

(D) इनमें से कोई नहीं

194.अभिधा शब्दशक्ति का महत्व है कि --

(A) यह रस निष्पत्ति में सरल है

(B) सहज बोध के कारण सर्वोत्तम है

(C) यह लक्षणा और व्यंजना शब्दशक्ति का आधार है

**(D) उपर्युक्त सभी**

195.इनमें से कौन सा आलोचना(समीक्षा) का प्रकार है--

(A) प्रगतिवादी आलोचना

(B) मार्क्सवादी आलोचना

(C) सैद्धांतिक आलोचना

**(D) ये सभी**

196.आलोचना का अर्थ क्या है?

**(A) गुण-दोषों का विवेचन**

(B) रचनाकार का मूल्यांकन

(C) दोषों का विवेचन

(D) गुणों का विवेचन

197.किस संस्कृत आचार्य ने शब्दालंकारों को अधम काव्य अर्थालंकारों को मध्यम काव्य तथा गुणीभूतव्यंग और ध्वनि को क्रमशः उत्तम ओर उत्तमोत्तम काव्य कहा है?

(A) राजशेखर

(B) भामह

**(C) मम्मट**

(D) आनन्दवर्धन

198.रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरैं मोती मानुस चुन।।इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(A) उपमा

(B) अतिशयोक्ति

**(C) श्लेष**

(D) अनुप्रास

199.किसने कहा “मुक्तक काव्य ऐसा चुना हुआ गुलदस्ता है जिसके प्रत्येक छंद में रसवर्षण की क्षमता होती है”।

(A) निर्मला जैन

(B) भगीरथ मिश्र

**(C) रामचन्द्र शुक्ल**

(D) कुसुम बाँठिया

200.भावविलास रचना के रचयिता कौन है?

(A) भिखारीदास

**(B) देव**

(C) बिहारी

(D) घनानन्द

201.चन्द्रालोक रचना के रचयिता है--

(A) भिखारीदास

(B) विश्वनाथ

**(C) जयदेव**

(D) भोजराज

202.काव्यनिर्णय ग्रंथ के रचनाकार है --

(A) मतिराम

(B) मम्मट

**(C) चिंतामणि**

(D) केशवदास

203.इनमें से कवि केशवदास का काव्यशास्त्रीय ग्रंथ कौन सा है?

(A) कविप्रिया

(B) रसिक प्रिया

(C) छन्दमाला

**(D) ये सभी**

204.ग्वाल कवि का काव्यशास्त्रीय ग्रंथ है --

(A) भ्रमरगीत

(B) भवानी विलास

(C) रस सिद्धांत

**(D) रसिकानंद**

205. आचार्य मम्मट के ग्रंथ का नाम क्या हैं ?

(A)साहित्यदर्पण

(B)नाट्यशास्त्र

**(C) काव्यालंकार**

(D) रस गंगाधर

206.रसतरंगिणी तथा रसमंजरी ग्रंथों के ग्रंथकार है --

(A) भरतमुनि

(B) केशवदास

**(C) भानुदत्त मिश्र**

(D) मतिराम

207.सिद्धांत और अध्ययन पुस्तक के लेखक है--

(A) भगीरथ मिश्र

**(B) बाबू गुलाबराय**

(C) आलोक गुप्ता

(D) ओमप्रकाश गुप्ता

208. किस आलोचक की आलोचनात्मक रचना है दूसरी परंपरा की खोज ?

(A) विजय देवनारायण

**(B) नामवरसिंह**

(C) सनतकुमार

(D) सुनिलकुमार

209.दशरूपक रचना के रचयिता है--

(A) कन्हैयाकुमार

(B) कौटिल्य

(C) घनानंद

**(D) धनंजय**

210.किस आचार्य की रचना है व्यक्ति विवेक?

(A) महावीर सिंह

**(B) महिम भट्ट**

(C) माखनलाल

(D) भरतमुनि

211.किस काव्य को चित्रकाव्य भी कहा गया है?

(A) अभिधा काव्य

(B) मध्यम काव्य

**(C) अधम काव्य**

(D) ये सभी

212.छंदोमंजरी रचना के रचनाकार है --

**(A) गंगादास**

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) नाभादास

(D) नन्ददास

213.काव्यमीमांसा के रचनाकार है --

(A) धनंजय

(B) भोजराज

**(C) राजशेखर**

(D) मम्मट

214.दशरूपक ग्रंथ की रचना किसने की है?

(A) रुद्रट

**(B) धनंजय**

(C) नाभादास

(D) भट्टनायक

215.व्यक्तिविवेक के रचनाकार है --

(A) भोजराज

(B) भट्टतौत

**(C) महिमभट्ट**

(D) वामन

216.कवि समय का सर्वप्रथम निरूपण करने वाले आचार्य कौन है?

(A) जगन्नाथ

(B) भरतमुनि

(C) वामन

**(D) राजशेखर**

217.निम्न में से भोजराज का ग्रंथ है --

**(A) सरस्वतीकंठाभरण**

(B) कविकंठाभरण

(C) कवितावली

(D) रामचन्द्रिका

218.काव्यमीमांसा के रचनाकार है --

**(A) राजशेखर**

(B) अभिनवगुप्त

(C) चिंतामणि

(D) केशवदास

219.कुवलयानन्द, चित्रमीमांसा ग्रंथ के ग्रंथकार है --

(A) मुकुल भट्ट

(B)भट्ट नायक

(C) महिम भट्ट

**(D) अप्पय दीक्षित**

220.निम्न में से धनंजय की कृति कौन-सी है?

**(A) दशरूपक**

(B) काव्यदर्पण

(C) दशावतार

(D) नाट्यशास्त्र

221.किसने कहा - शब्द अर्थ बिन दोष,गुन अलंकार रसवाना। ताको काव्य बखानिये श्रीपति परम सुजान।।

(A) नन्ददास

**(B) श्रीपति**

(C) भिखारीदास

(D) केशवदास

222.किसने कहा जदपि सुजाति सुलच्छनी सुबरन सरस सुवृत। भूषण बिनु न बिराजई कविता वनिता मित्त।। --चेक

(A) नन्ददास

(B) नाभादास

(C) परमानन्ददास

**(D) केशवदास**

223.किस हिन्दी आलोचक ने कहा - यदि कविता में कोई चमत्कार नहीं कोई विलक्षण नहीं तो उससे आनंद की प्राप्ति नहीं हो सकती।

(A) नन्ददुलारे वाजपेयी

**(B) महावीरप्रसाद द्विवेदी**

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

224.किसका कथन है - काव्य वह है जो हृदय में अलौकिक आनन्द व चमत्कार की सृष्टि करें।

**(A) डॉ.श्यामसुन्दर दास**

(B) डॉ.नामवर सिंह

(C) डॉ.महावीरसिंह चौहाण

(D) डॉ.सनतकुमार

225.किस साहित्यकार का कथन है - काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) निराला

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) धूमिल

226.किसने कहा है - जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है। हृदय की इसी मुक्ति की अवस्था के लिए कवि की वाणी जो शब्द विधान करती है उसे कविता कहते हैं।

(A) विधानिवास मिश्र

(B) रामनारायण त्रिपाठी

**(C) रामचन्द्र शुक्ल**

(D) दयाशंकर त्रिपाठी

227.आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने साक्षात् रस मूर्ति किस कवि को कहा है?

(A) बिहारी

**(B) घनानन्द**

(C) मतिराम

(D) देव

228.निम्न लिखित ग्रंथों को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए--

(A) रस गंगाधर नाट्यशास्त्र, काव्यादर्श, काव्य प्रकाश,

(B) काव्य प्रकाश,नाट्यशास्त्र, काव्यादर्श, रस गंगाधर

(C) काव्यादर्श, नाट्यशास्त्र,काव्य प्रकाश, रस गंगाधर

**(D) नाट्यशास्त्र, काव्यादर्श, काव्य प्रकाश, रस गंगाधर**

229.सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (a) रस सम्प्रदाय | 1. वामन |
| (b) रीति सम्प्रदाय | 2. भरतमुनि |
| (c) वक्रोक्ति सम्प्रदाय | 3. भामह |
| (d) अलंकार सम्प्रदाय | 4. कुन्तक |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| **(C)** | **2** | **1** | **4** | **3** |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

230.काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए --

(A) भामह, भरतमुनि, दण्डी, मम्मट

(B) दण्डी, भामह, भरतमुनि, मम्मट

(C) मम्मट, भामह, दण्डी, भरतमुनि

**(D)भरतमुनि, भामह, दण्डी, मम्मट**

231.सौष्ठववादी आलोचक है--

**(A) नन्ददुलारे वाजपेयी**

(B) रामविलास शर्मा

(C) नामवरसिंह

(D) रामचन्द्र शुक्ल

232.सूची ।को सूची ॥से सुमेलित कीजिए।

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| (a) काव्यादर्श | 1. विश्वनाथ |
| (b) साहित्य दर्पण | 2. दण्डी |
| (c) ध्वन्यालोक | 3. जगन्नाथ |
| (d) रस गंगाधर | 4. आनन्दवर्धन |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| **(C)** | **2** | **1** | **4** | **3** |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

233. सूची ।को सूची ॥से मिलान कीजिए।

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| (a) नाट्यशास्त्र | 1. केशवदास |
| (b) काव्यशास्त्र | 2. बिहारी |
| (c) रामचन्द्रिका | 3. भरतमुनि |
| (d) सतसई | 4. भगीरथमिश्र |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| **(A)** | **3** | **4** | **1** | **2** |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

234.निम्न में से प्रगतिवादी समीक्षक है --

(A) नामवरसिंह

(B) शिवदानसिंह चौहाण

(C) रामविलाश शर्मा

**(D) उपर्युक्त सभी**

235.आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण किस आलोचक की आलोचनात्मक कृति है?

(A) नगेन्द्र

(B) रघुवीर सहाय

(C) डॉ.नामवरसिंह

(**D) डॉ.रामविलाश शर्मा**